न्यूज गैलरी

सीएम का अभिनंदन करेंगे शिवेन्द्र इंजी.

भोपाल । राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों की जीआर के लिए छत्तीसगढ़ से सहमति का प्रावधान खत्म करने के निर्णय पर सेवानिवृत्त शिवेन्द्रा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने अभिनंदन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जेपी पटेल ने बताया कि अगस्त के पहले सप्ताह में भोपाल में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन किया जाएगा। नए आदेश को 3 वर्षों पुराने विवाद के समाधान की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार माना गया है। इस फैसले से 55 लाख से अधिक पेंशनरों को लाभ होगा।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों का प्रदर्शन आज

भोपाल । जून माह की ईपीएस पेंशन का भुगतान अब तक नहीं होने से नाराज सेवानिवृत्त कर्मचारी सोमवार सुबह 11:30 बजे अरेरा हिल्स स्थित ईपीएफ कार्यालय के बाहर गेट मीटिंग करेंगे। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ (एक्स पर्सोनल) के आह्वान पर पेंशनभोगी अपनी लंबित पेंशन जारी करने की मांग उठाएंगे। संघ का कहना है कि कई वरिष्ठ नागरिक पूरी तरह पेंशन पर निर्भर हैं, लेकिन भुगतान नहीं होने से उनके सामने दैनिक खर्च और दवाइयों की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया है।

विहिप |कार्यकर्ताओं को सिखाए संगठन विस्तार, समाज सेवा के गुर

भोपाल । विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) जिला वीर सावरकर का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग बैरसिया रोड स्थित आदर्श मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। इस वर्ग में विहिप और बजरंग दल के प्रखंड, खंड एवं इकाई स्तर के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

दो दिवसीय अभ्यास वर्ग के दौरान विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पराल, मध्यभारत प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान और प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विभिन्न सत्रों में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

सुधीर अग्रवाल टीकमगढ़, मोती उर रहमान बने श्योपुर के एसपी

भोपाल । राज्य सरकार ने रविवार को छुट्टी के दिन दो जिलों को एसपी समेत 3 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। टीकमगढ़ एसपी मनोहर सिंह गंजरोड़ को भोपाल पुलिस मुख्यालय में एआईजी बनाया गया है। वहीं श्योपुर एसपी सुधीर अग्रवाल को टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई

यूसीसी | सोमवार को विधानसभा में पारित करने के लिए रखा जाएगा

कैबिनेट से यूसीसी का अनुमोदन, इस लागू करने वाला मप्र चौथा राज्य

सीएम ने कहा कि पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार देने के साथ-साथ यह कोड उन धार्मिक रीति-रिवाजों और पारंपरिक प्रथाओं की साफ तौर पर सुरक्षा करता है जो सार्वजनिक नैतिकता और नीति के अनुरूप हैं

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मप्र में सभी वर्गों के लिए एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को रविवार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसे सोमवार को विधानसभा में पारित करने के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता का एक ऐतिहासिक ड्राफ्ट तैयार किया है। अभी तक तीन राज्यों उत्तराखंड, गुजरात व असम में यूसीसी कानून लागू है। इस तरह से मप्र चौथा राज्य बनने जा रहा है, जहां सभी धर्मों, वर्गों के लिए एक समान पर्सनल कानून होगा। उन्होंने कहा कि इस संहिता का मुख्य मकसद पर्सनल कानूनों में महिलाओं के साथ होने वाले पुराने भेदभाव को खत्म करना, उनकी सुरक्षा और उनके सशक्त बनाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल से करीब 25 किमी दूर ऐतिहासिक जिले जगदीशपुर में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार देने के साथ-साथ यह कोड उन धार्मिक और पारंपरिक प्रथाओं की साफ तौर पर सुरक्षा करता है जो सार्वजनिक नैतिकता और नीति के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि मप्र को निवासियों के लिए चाहे उनका कोई भी हो, सभी को सामाजिक, वैवाहिक अधिकारों से जुड़े मामलों-लेकिन, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे नियमों मान्यता को नियंत्रित करने के लिए एक समान पर्सनल सिविल कानून लागू किया जा रहा है।

अभी तक तीन राज्यों उत्तराखंड, गुजरात व असम में यूसीसी लागू

लिव-इन से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा

लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। इसमें साथियों की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष होगी। वे अविवाहित होंगे या दो और पुरुषों साथियों से संबंधित होंगे। यदि कोई साथिया 21 वर्ष से कम उम्र का है, तो लिव-इन के जुड़े होने और साथ होने की जानकारी उसके माता-पिता, अभिभावकों को देनी होगी। रजिस्ट्रार एक निर्धारित स्थानीय पुलिस स्टेशन को भी भेजेगा। लिव-इन से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा और उनके पूरे उत्तराधिकार मिलेंगे। यदि पुरुष साथिया महिला को छोड़ देता है, तो वह रखरखाव के गुजारा भत्ता पाने की हकदार होगी। मजिस्ट्रेट मामले की जांच कर सकेगा। यदि कोई साथिया इस कानून का दुरुपयोग करता है, तो उसे जुर्माना और जेल दोनों हो सकती हैं।

इस कानून का एक बड़ा निष्कर्ष यह है कि यह कानून जनजातीय समाज पर लागू नहीं होगा। हालांकि, जनजातीय समाज में इसे लेकर विरोधाभास है। कुछ लोग मूलतः के पालने से पहले की बात करते हैं, लेकिन कुछ ऐसा नहीं मानते। एक का कहना है कि विवाह का रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

विवाह और तलाक से जुड़े बड़े सुधार किए गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने के बाद एक व्यक्ति एक ही विवाह कर सकेगा। विवाहपूर्व संबंध पूरी तरह से समाप्त कर दिए गए हैं। तलाक की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब तलाक के मामले सीधे फैमिली कोर्ट में दायर किए जा सकेंगे। इसमें मध्यस्थता की अनिवार्यता को हटा दिया गया है। इसमें शादियों की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष होगी। ये अधिकार सभी में न हो, बल्कि दो विवाह इन दो और धर्मों मान्यताएं रखने होंगे। यदि कोई साथिया 21 वर्ष से कम उम्र का है, तो लिव-इन के जुड़े होने और साथ होने की जानकारी उसके माता-पिता

हाईवे किनारे सेल्फी ले रहे थे 6 दोस्तय हाईवा

सड़क किनारे सेल्फी के दौरानहादसा एनएच-45 पर हादसा, 2 घायल

डीआर संवाददाता।। नरसिंहपुर

करीब 5 से 6 घंटे इंदिरा नगर के पास हुआ। घटना के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया। नरसिंहपुर जिले में रविवार शाम जबलपुर-भोपाल नेशनल हाईवे-45 पर तेज रफ्तार हाईवा ने सड़क किनारे सेल्फी ले रहे छह दोस्तों को कुचल दिया। हादसे में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घोरका हाथीनाला कोटपफीज पर पिकनिक मनाकर लौट रहे थे। हादसा शाम

पुलिस के अनुसार, हादसे में राजेश पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वीरेंद्र लोधी (20), चमन लोधी (21) और जयपाल लोधी (20) ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वहीं आयुष लोधी (24) और नीरज लोधी (25) का इलाज चल रहा है। निवासी थे। घटना की सूचना मिलते ही बेलहोडा और गुआताला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पुलिस ने अज्ञात हाइवा और चालक की तलाश शुरू कर दी है। आक्रोश लगे सोशलीडीयी मीनारी और अन्य संस्थों के आधार पर जांच की जा रही है। घटना के बाद मामला राजनीतिक रूप लेता नजर आ रहा है। समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि यह सामान्य सड़क हादसा नहीं, बल्कि रेत माफियाओं द्वारा हाइवा सड़कर सुनियोजित हत्या अंजाई गई है।

कचरे में गलती से फेंका 2 किलो चांदी का लोटा, 24 घंटे की तलाश में मिला

डीआर संवाददाता।। इंदौर

राजेंद्र नगर क्षेत्र की एक सोसायटी में गलती से दो किलो कीमती चांदी का लोटा कचरे की बोरी के साथ फेंका गया। यह बोरी बेसमेंट में रखा गया। दोनों बोरियां एक जैसी होने के कारण यह चूके हुई सामान की लोटा नहीं मिलने पर परिवार ने पार्षद प्रशांत कटारे से संपर्क किया। तब तक कचरा लालबाग ट्रेंचिंग ग्राउंड से नेचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंच चुका था। इसके बाद नगर निगम की टीम ने सैकड़ों टन कचरे के बीच 24 घंटे तक लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। लगभग 21 के अधिकारियों और ट्रेंचिंग ग्राउंड

की टीम ने शुक्रवार रात से सनिवार सुबह तक तलाश जारी रखी। आखिरकार सनिवार सुबह कचरे से ढेर से चांदी का लोटा सुरक्षित बरामद कर लिया गया। रविवार को इसे परिवार को लौटा दिया गया। इस स्वच्छता कार्य के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक गोपू वर्मा ने निगम कर्मचारियों की प्रशंसा की।

चेकिंग: भाजपा जिलाध्यक्ष व टीआई भिड़े, सामने आया वीडियो

कंट्रोल रूम तिराहे पर कार्रवाई के दौरान विवाद हेलमेट

डीआर संवाददाता।। भोपाल

पुलिस यूसिस कंट्रोल रूम तिराहे पर हेलमेट चेकिंग के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमय पंडित और ट्रैफिक टीआई सतना यूसीसी के बीच हुई बहस का वीडियो सामने आया है। करीब डेढ़ मिनट के वीडियो में दोनों के बीच हेलमेट चेकिंग की कार्रवाई को लेकर नोकझोंक होती नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार, रोज की तरह सुबह 7 से 11 बजे के बीच पुलिस कंट्रोल रूम तिराहे पर पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना

हेलमेट वाहन चला रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमय पंडित को पुलिस ने रोक लिया। उन्होंने ट्रैफिक टीआई से फोन पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमय पंडित की बात कराने की गुहार की। टीआई ने कार्रवाई के दौरान फोन पर बात करने से इनकार कर दिया। इसके बाद अमय पंडित नीले पर पहुंच गए। टीआई से उनकी बहस शुरू हो गई। वीडियो में अमय पंडित ने ट्रैफिक पुलिस पर वाहन चालकों से अभद्र वसूली के आरोप भी लगाए। टीआई ने जवाब में उन्हें इस तरह का बर्ताव न करने की नसीहत दी। बाद में दोनों भीड़ भी जमा हो गई। मिला हेलमेट पकड़े गए वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। चालकों पहले से भी तीन चालान लंबित थे।

तीन साल की मासूम बच्ची को स्कॉर्पियो वाले ने कुचल डाला, मौके पर मौत

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल बैरसिया महा क्षेत्र स्थित गांव लखरिया में रविवार दोपहर स्कॉर्पियो गाड़ी से कुचलकर 3 साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास का है। बच्ची गांव की एक दुकान पर मामा के साथ चॉकलेट बिस्किट खरीदने गई थी। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है।

पुलिस ने स्कॉर्पियो जब्त कर ली है। ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार लोकेश साहू आर्टुल खेड़ी, सतरिया, थाना बैरसिया इलाके में रहते हैं। रविवार दुपहरी होने के कारण वह बच्ची और बेटे सहित तीन साल की बेटी जुना खान के साथ सलूवल पहुंचे थे। दोपहर करीब ढाई बजे जुना खान के नाना परिवार को दो अन्य

भाजपा विधायक संजय पाठक की कंपनी में 1000 करोड़ की कथित धोखाधड़ी, महेंद्र गोयनका दिल्ली से गिरफ्तार

डीआर संवाददाता।। भोपाल

कटनी जिले के विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के परिवार की कंपनी में करीब 1000 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए रायपुर के कारोबारी महेंद्र गोयनका को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद कारोबारी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अब मामले से जुड़े

दस्तावेजों, वित्तीय लेनदेन और अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

यह मामला नवल परिवार की कंपनी यूरो प्रोलिक इस्पात (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है, जिसका पंजीकृत कार्यालय कोलकाता में स्थित है। कंपनी के प्रतिनिधि हरनीत लाला की शिकायत पर प्रवर्तन निदेशालय ने धोखाधड़ी, जालसाजी और कंपनी रिकॉर्ड में संदिग्ध हेरफेर का मामला दर्ज किया था। आरोप है कि महेंद्र गोयनका ने जाली हस्ताक्षरों, जाली दस्तावेजों और कंपनी के रिकॉर्ड में धोखाधड़ी कर कंपनी के प्रबंधन, संपत्तियों और वित्तीय गतिविधियों पर अवैध नियंत्रण हासिल करने की कोशिश की। महेंद्र गोयनका मूल रूप से मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के शहडोल का निवासी है और उसी संजय पाठक के कारोबारी समूह में वरिष्ठ प्रबंधकीय पद पर कार्यरत था। इस दौरान उसे कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और प्रशासनिक अधिकारों तक पहुंच मिली थी। जांच एजेंसियों के अनुसार कंपनी के फिक्स्ड डिपॉजिट, अचल संपत्तियों, वित्तीय लेनदेन और बिके हुए माल से जुड़े रिकॉर्डों की जांच के दायरे में है।

कोलकाता पुलिस अगस्त 2025 से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में गोयनका की तलाश कर रही थी। इस मामले में उसके साथ अन्य सहयोगी भी आरोपी हैं, जो अभी फरार हैं। सभी की अग्रिम जमानत याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट तक से खारिज हो चुकी हैं। मामला राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में भी विचाराधीन है।

विधानसभा का 5 दिनी मानसून सत्र आज से, टकराव के संकेत

सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक होगी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

विधायकों के कुल 1756 प्रश्न विधानसभा सचिवालय को प्राप्त हुए हैं। मुंबई न्यूज भोपाल

मप्र विधानसभा का सोमवार से शुरू होने वाला 5 दिनी मानसून सत्र के तो हंगामेदार होगा। । इस इस सत्र में सरकार यूसीसी विधेयक पारित कराने जा रही है। इस दावे से विपक्ष व सत्ता पक्ष के बीच टकराव के आसार बन गए हैं। इस सत्र में कुल 5 बैठकें होंगी। विधायकों के कुल 1756 प्रश्न विधानसभा सचिवालय को प्राप्त सवाले अधिक गहराव का विषयक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पारित कराया जाएगा। विपक्ष इस विधेयक में कई तरह का संशोधन चाहता है। रविवार को देर शाम हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भी इसके संकेत दिए गए हैं। सोमवार को मानसून सत्र शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठक में इसे लेकर चर्चा होगी। उधर, सत्र की अधिसूचना जारी होने से लेकर अब तक में विधानसभा सचिवालय को कुल 1756 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। जबकि ध्यानाकर्षण की 257, स्थगन प्रस्ताव की 5, अशासकीय संकल्प की 20, शून्यकाल की 77 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं।

राजनीति | दतिया में दिखी सियासत की खूबसूरत तस्वीर.. कांग्रेस की सभा में आए भाजपा उम्मीदवार

दोनों नेताओं के बीच मजेदार नोकझोंक हुई तीखी मगर

डीआर संवाददाता।। दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव का प्रचार इन दिनों अपने चरम पर है, लेकिन इसी गहमागहमी के बीच रविवार को सिलवा गांव में राजनीति को एक बेहद अनूठी और दिलचस्प तस्वीर देखने को मिली। यहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पार्टी प्रत्याशी कुंवर धनंजय सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उसी दौरान भाजपा उम्मीदवार आशुतोष तिवारी अपने समर्थकों के साथ वहां से जनसंपर्क करते हुए गुजरे। आशुतोष ने दूर से ही हाथ

जोड़कर जीतू पटवारी का अभिवादन किया। मंच से जब जीतू पटवारी की नजर आशुतोष पर पड़ी, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए माइक पर ही टोक दिया—अरे, पास में आकर मिलेंगे... इतनी दूर से क्यों जा रहे हो यार? ऐसे नहीं चलेगा। जीतू के बुलावे पर आशुतोष तिवारी मंच के पास पहुंचे, जहां दोनों विधायी नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे को गले लगाया। इसके बाद जो हुआ, उसने वहां मौजूद सभी लोगों को हैरान कर दिया।

सभी सभा में भाजपा के लिए वोट मांगता देख वहां मौजूद जनता ठहाके मारकर हंस पड़ी।

जीतू ने तिवारी को आवाज दी— स्पष्ट आकर मिलो यार तिवारी ने माइक से भाजपा के लिए मांग लिया आशीर्वाद

भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने जीतू पटवारी के हल से माइक ले लिया और कांग्रेस की ही जनसभा को संबोधित करने लगे। उन्होंने कहा कि हमारी प्रेमाकाका पहले ही कहता है, लेकिन हमारे पुराने पारिवारिक रिश्ते हैं। मैं आज सबसे प्रार्थना करता हूं कि आपका समर्थन भारतीय जनता पार्टी को मिले। उन्हाने कांग्रेस शेष पेज 4 पर

जीतू ने पूछा- क्या यहां कभी आशुतोष को देखा है ?

आशुतोष के इस दांव के बाद जीतू पटवारी ने दोबारा माइक संभाला और जनता से पूछा कि क्या इससे पहले आपने कभी आशुतोष जी को यहां देखा है? जब मैंने से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया, तो जीतू ने तंज कसा कि इन्हें यहां कोई नहीं जानता। इस पर आशुतोष ने तुरंत पलटवार करते भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने जीतू पटवारी के हाथ से माइक ले लिया और कांग्रेस की ही जनसभा को संबोधित करने लगे। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा भले ही अलग है, लेकिन हमारे पुराने पारिवारिक रिश्ते हैं। मैं आप सबसे प्रार्थना करता हूं कि आपका समर्थन भारतीय जनता पार्टी को मिले।

भोपाल में आज से ई-बसों का ट्रायल रन, बैरागढ़ से तीन रूटों पर दौड़ेंगी 5

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल शहर में प्रदूषण मुक्त और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन की दिशा में सोमवार से एक नई शुरुआत होने जा रही है। शहर में इलेक्ट्रिक बसों का ट्रायल रन आज से शुरू होगा। पहले चरण में बैरागढ़ डिपो से तीन अलग-अलग रूटों पर पांच इलेक्ट्रिक बसें रवाना जाएंगी। यह ट्रायल अगले पांच दिनों तक चलेगा। इस दौरान बसों के संचालन, रूट की व्यवहारिकता, चार्जिंग व्यवस्था और तकनीकी प्रदर्शन का परीक्षण किया जाएगा। फिलहाल यह ट्राय रन होगा, इसलिए आम यात्री इन बसों में सफर नहीं कर सकेंगे।

ट्रायल के दौरान बसों का संचालन दो शिफ्ट में किया जाएगा। पहली शिफ्ट सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। दोपहर 12 से 2 बजे तक बसें बैटरी और तकनीकी निरीक्षण के लिए ब्रेक रहेंगी।

ई-बसों बैरागढ़ डिपो से पुराने भोपाल होते हुए बोर्ड ऑफिस, भोपाल रेलवे स्टेशन (प्लेटफॉर्म नंबर-1) और कोलार के बैरागढ़-चीचली रूट तक संचालित होंगी। ट्रायल के दौरान इन मार्गों पर यातायात दबाव और संचालन संबंधी बुनियादी का भी आकलन किया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार अब तक भोपाल में 21 इलेक्ट्रिक बसें पहुंच चुकी हैं, जबकि अगले 10 से 12 दिनों में 20 और बसें आने की संभावना है। बैरागढ़ डिपो में 11 चार्जर भी स्थापित किए जा चुके हैं। ट्रायल सफल रहने पर जल्द ही यात्रियों के लिए नियमित ई-बस सेवा शुरू की जाएगी।

न्यूज गैलरी

काहिरी प्लांट का निरीक्षण, शुद्ध पेयजल उपलब्ध

कराने के निर्देश

सीहोर। नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका अधिकारियों ने काहिरी जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। कार्यपालन यंत्री विजय कोठी और उपयंत्री नेहा लोधनिया ने प्लांट में ऑन-साइट जल गुणवत्ता परीक्षण किए तथा कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जल गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में मिलेगा एक लाख तक का ऋण

सीहोर। अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए संचालित डॉ. भीमराव आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के तहत स्वरोजगार के लिए 10 हजार से 1 लाख रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है। ऋण ऋण पर अधिकतम पांच वर्ष तक शत प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान का लाभ मिलेगा। यह सुविधा नियमित ऋण भुगतान करने वाले हितग्राहियों को मिलेगी।

धान पंजीयन के लिए एग्रीस्टेक आईडी अनिवार्य

सीहोर। समर्थन मूल्य पर धान और मोटे अनाज की खरीदी के लिए किसान पंजीयन अब एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से होगा। किसानों की भूमि और फसल संबंधी जानकारी इसी पोर्टल से ली जाएगी। इसलिए प्रत्येक किसान के लिए एग्रीस्टेक आईडी बनवाना आवश्यक है। किसान कॉमन सर्विस सेंटर, समर्थित पटवारी या मोबाइल एप के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं।

25 जुलाई से शुरू होगा चातुर्मास, चार माह शयन करेंगे भगवान विष्णु

सीहोर। देवशयनी एकादशी 25 जुलाई से भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में जाएंगे। इस अवधि में चातुर्मास के दौरान शिव परिवार से जुड़े पर्व मनाए जाएंगे। पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि श्रावण मास 30 जुलाई से प्रारंभ होगा और पहला सोमवार 28 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दौरान शिवमहापुराण, रुद्राभिषेक, कांवड़ यात्रा और पार्थिव शिवलिंग पूजन करेंगे।

आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

सीहोर। धार्मिक नगरी सीहोर में सोमवार शाम भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ शाम 4 बजे बस स्टैंड स्थित गीता भवन मंदिर से होगा। पारंपरिक पूजा-अर्चना और रथ के आगे सुनहरी झाड़ू लगाने की परंपरा निभाई जाएगी। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

लुनिया चौराहे का नाम पृथ्वीराज चौहान के नाम पर रखने की मांग

सीहोर। लुनिया समाज ने नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर लुनिया चौराहे का नाम पृथ्वीराज चौहान चौराहा रखने की मांग की। समाज का कहना है कि वर्ष 1977-78 में इस मार्ग का नामकरण हो चुका था, लेकिन आज तक लागू नहीं किया गया। समाजजनों ने शीघ्र नाम परिवर्तन की मांग की।

दुविधा मानसून की बेरुखी से खेतों में दरारें किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

अन्नदाता की फसलें संकट में वर्षा के लिए भगवान को मनाने जतन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में पिछले 11 दिनों से मानसून की बेरुखी ने आम जनजीवन के साथ साथ अन्नदाताओं की चिंता बढ़ा दी है। लगातार वर्षा न होने के कारण भीषण उमस और गर्मी का दौर जारी है, जिससे लोग बेहाल हैं। इस मौसम का सबसे बुरा असर खेतों में खड़ी खरीफ फसलों पर पड़ रहा है। पानी की सख्त डकार के बीच प्रमुख नकदी फसल सोयाबीन का रंग अब फीका पड़ने लगा है, जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी साफ देखी जा सकती है। बारी जमीन में नहीं न होने के कारण खेतों में दरारें दिखने लगी हैं।

मौसम विभाग ने पहले 10 जुलाई से वर्षा का पूर्वानुमान जताया था, लेकिन मानसून की सुस्ती ने काश्तकारों की उम्मीदें अगले दौर तक टाल दी हैं। अब मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले 48 घंटों 20 और 21 जुलाई के भीतर जिले में हल्की से मध्यम वर्षा की गुंजाइश होने की संभावना है, जो फसलों के लिए जीवन संजीवनी का काम करेगी। इसके बाद 22 से 24 जुलाई के बीच अच्छी वर्षा के आसार जताए जा रहे थे, पर मानसूनी हवाओं के कमजोर पड़ने की सम्भावना भी जताई जा रही है।

पिछले रात के गुरुवार को मिमी कम बरसे बदरा: गुरुवार, मौसम विभाग द्वारा 18 जुलाई तक जारी अधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जिले में इस साल मानसून की रफ्तार काफी धीमी रही है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1148.6 मिमी है। 1 जून से 18 जुलाई तक सीहोर जिले में संचित 354.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 449.9 मिमी वर्षा हो चुकी थी। इस लिहाज से इस बार अब तक औसतन 95 मिमी औसतन 35.9 कम वर्षा रिकार्ड हुई है। शनिवार को भी जिले के कई क्षेत्रों में मौसम 10 मिमी, पानी नेब और पूरे दिन धूप बना रहा।

खरीफ फसलों का रकबा संकट में अन्नदाता: सीहोर जिला मूल रूप से कृषि प्रधान जिला है, यहां खरीफ सीजन में बड़े पैमाने पर बोवनी की जाती है। इस वर्ष जिले में खरीफ फसलों का कुल प्रस्तावित लक्ष्य करीब 2.5 लाख हेक्टेयर रखा गया है। दूसरी ओ

जून से 18 जुलाई 2026 तक) गत वर्ष इसी अवधि तक वर्षा

हमेशा की तरह सबसे बड़ा हैरान संभावित कर है, जिसे लगभग तीन लाख 20 हजार हेक्टेयर से अधिक के रकबे में बोया गया है। इसमें अलावा मक्का, धान, अरहर, मूंग और उड़द जैसी फसलें भी बोनी के रकबे में शामिल हैं। रकबे में लगी फसलें प्रभावित हो रही हैं। यदि अगले दो दिनों में पानी नहीं गिरता है, तो फसलों की बढ़वार रुकने और उनके सूखने का खतरा गहराने बढ़ जाएगा।

इंद्रदेव को मनाने जहां-तहां कहीं सीमेंत तो कहीं भोजनाश्म के सहारे में लगाई अर्जी

शहर के जनता कॉलोनी बंकरेश्वर रोड पर स्थापित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में अच्छी वर्षा की कामना को लेकर अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। यहां का सावना प्रभारी महिला मंडल द्वारा 24 घंटे का अखंड भजन-कीर्तन आयोजित किया गया। महिला मंडल ने जखोर ज्योति जलाकर विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन कंबट, रोल पलाइट बाबा, सीताराम बाबा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जसवंत सिंह पटवार और गुजारी सन्नी महाराज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। समय पर वर्षा न होने से खरीफ की फसलें बीपट होने की कगार पर हैं और गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है, इन्दिलिए क्षेत्र की खुशहाली के लिए महादेव का जलाभिषेक और विशेष आराधना की जा रही है।

परिजनों ने थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया

पत्नी के जाने से परेशान युवक ने खाया जहर, सुसाइड से पहले वीडियो में लगाए 6

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में युवक मनीष पंवार की आत्महत्या के बाद रविवार को परिजनों ने थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के चलते कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में एसडीपीओ रोशन जैन ने समझाइश देकर मामला शांत कराया।

मनीष ने आत्महत्या से पहले बनाए वीडियो में कीर्तन यादव पर पत्नी के साथ अवैध संबंध, ब्लैकमेलिंग और पत्नी का पीछा छोड़ने के नाम पर शारीरिक 6 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया। उसने कहा कि आरोपी पहले परिवार का विश्वासपात्र था और घर आता-जाता था। बाद में पत्नी उसके साथ चली गई, जिससे वह मानसिक रूप से टूट गया। वीडियो में उसने यह भी दावा किया कि उसने पत्नी को एक मौका दिया था, लेकिन वह बच्चों को छोड़कर चली गई।

परिजनों का आरोप है कि 15 जुलाई को पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे मनीष तनाव में था गया और शनिवार रात जहर खाकर जान दे दी।

पुलिस का कहना है कि पहले केवल गुमशुदगी दर्ज हुई थी। अब युवक के वीडियो और परिजनों के बयानों को जांच में शामिल किया गया है। ब्लैकमेलिंग और अन्य आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। पुलिस ने निष्पक्ष जांच और कानून के अनुसार कार्रवाई का भरोसा दिया है।

24 घंटे से यहां पर अखंड भजन-कीर्तन का आयोजन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कंकर रो जनता कॉलोनी बंकरेश्वर रोड पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण किया गया है। लगातार 24 घंटे से यहां पर अखंड भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर गौ सेवाश्रम सन्नी महिला मंडल ने अखंड ज्योति जलाकर विशेष पूजा अर्चना की।

इस मौके पर महिला मंडल के अलावा जसवंत सिंह पटवार, पुजारी सन्नी महाराज आदि ने सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन कंबट, रोल पलाइट बाबा, सीताराम बाबा आदि का सम्मान किया।

पूरे जिले में अच्छी बारिश को लेकर मंदिर पर महिला मंडल ने पूजा-अर्चना की थी। समय पर अच्छी बारिश के नहीं होने से खरीफ की फसलें बीपट होने के आसार हैं। इसके अलावा पानी की रोल हो गई है। बारिश की कामना के लिए अखंड ज्योति जलाई और कीर्तन किया। मंत्र में अच्छी बारिश की कामना के लिए महादेव का जलाभिषेक, पूजा-अर्चना करेंगे।

रामपुरा जंगल में जुआ खेलते 4 आरोपी गिरफ्तार, 51 हजार नकद और बाइक जब्त

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले के सिहोरानगर थाना पुलिस ने रविवार को रामपुरा के जंगल में जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 51 हजार रुपए नकद, चार मोबाइल फोन, तीन मोटरसाइकिल, 52 ताश के पत्ते और एक तिरपाल जब्त की है। यहीं कार्रवाई के दौरान चार अन्य आरोपी जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।

थाना प्रभारी "राजुसिंह बघेल" ने बताया कि पुलिस को गुप्तचर से सूचना मिली थी कि रामपुरा के जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही उनके नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर चारों ओर से घेराबंदी की और जुआ खेल रहे लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान "विजेंद्र राठौर" निवासी अरहर कॉलोनी आष्टा, "जाहिद खाँ" निवासी गंजपुरा जावद, "अकलाक खाँ" निवासी पुलिस कॉलोनी के सामने कन्नौद और "अकरम अली" निवासी छात्रावास कॉलोनी आष्टा के रूप में हुई है।

पुलिस ने मौके से जुआ खेलने में इस्तेमाल किए गए पत्ते "52 ताश के पत्ते" और बेटन के लिए मिलाई गई "पीले रंग की तिरपाल" भी जब्त की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फरार हुए चार अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि जिले में अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

मूंग खरीदी टोकन में अनियमितता का आरोप, कांग्रेस ने सीएम का पुतला फूंका

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। किसानों को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया

डीआर संवाददाता>सलकनपुर

मूंग खरीदी केंद्रों पर टोकन वितरण में कथित अनियमितताओं के विरोध में शनिवार को भारतीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। किसानों को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी हुई।

प्रदर्शन का नेतृत्व मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के महासचिव और सलकनपुर मंडलम अध्यक्ष विनय सिंह खीची ने किया। शाम में मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव अनिरुद्ध दुबे ने, नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों से अन्नदाता अपने अधिकारों के लिए भटक रहा है। उन्होंने कहा कि मूंग खरीदी की व्यवस्था अव्यवस्थित हो चुकी है। सरकार ने वादे पूरा नहीं किया तो कांग्रेस कोर्टों की और रुख करेगी।

पुतला दहन के दौरान अनिरुद्ध दुबे ने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है। अन्नदाताओं के हितों से खेलने समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसानों का समय पर टोकन नहीं मिल रहे हैं। इससे उनके आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मौके पर करन सिंह राजपूत, मालन सिंह जावरीया, शांतकिशन रघुवीर उईके सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मूंग खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए। सभी पात्र किसानों को समय पर टोकन दिए जाएं।

आरोग्य मंदिर की छत, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल'

डीआर संवाददाता> इछावर

प्रदेश सरकार की ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की योजना के तहत इछावर तहसील के रामनगर में करीब "1.69 करोड़ रुपये" की लागत से बन रहा आरोग्य मंदिर उद्घाटन से पहले ही दिवारों में घिर गया है। पहली ही बारिश में भवन की छत से पानी टपकने लगा, कई जगह दुबारा उखड़ गई और छत पर दरारें दिखाई देने लगीं। निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है, ऐसे में भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी मिलने पर उपसरपंच, पूर्व सरपंच और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर पानी का रिसाव और दरारें दिखाई दीं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद ठेकेदार ने दरारों में सीमेंटका मरकर लीपापोत करने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद कई जगह से पानी टपकता रहा। उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की।

पूर्व सरपंच "नवदयाल वर्मा" ने आरोप लगाया कि अस्पताल भवन का निर्माण बेहद घटिया गुणवत्ता से किया गया है। वहीं उपसरपंच "राजेंद्र सिंह ठाकुर" ने कहा कि निरीक्षण के दौरान छत पर स्पष्ट दरारें और कई स्थानों पर रिसाव मिला।

इस मामले में ठेकेदार "मोहसिन खान" का कहना है कि पानी नए और पुराने हिस्से के जॉइंट से आ रहा था, जिसका ट्रीटमेंट कर दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि भवन का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप किया गया है। हालांकि पहली ही बारिश में भवन की स्थिति ने निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जाम लगा गुप्त नवरात्रि और रविवार के चलते सलकनपुर में लगा महाजाम

खाड़ी चढ़ाई पर ओवरटेक से थमी वाहनों की रफ्तार

डीआर संवाददाता>सलकनपुर

गुप्त नवरात्रि और रविवार के अवकाश के चलते विश्व प्रसिद्ध देवीधाम सलकनपुर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला लगातार जारी रहा, जिसके कारण दोपहर तक मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर वाहनों का अत्यधिक दबाव बन गया। स्थिति ऐसी हो गई कि खाड़ी चढ़ाई वाले मार्ग पर कुछ समय के लिए लंबा जाम लग गया और वाहन रेंग-रेंगकर आगे बढ़ते रहे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जाम की मुख्य वजह खाड़ी चढ़ाई पर दो निजी वाहनों द्वारा एक साथ ओवरटेक करने का प्रयास था। संकरे रास्ते पर दोनों वाहन आमने-सामने फंस गए, जिससे पीछे वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने सक्रियता दिखाते हुए वाहन चालकों को समझाइश दी और यातायात को सुचारु कराने में सहयोग किया। इसके बाद धीरे-धीरे जाम खुल सका और आवाजाही सामान्य हुई।

जाम के दौरान लखनादेवा पाटन ग्राम एवं अध्यक्षसंघ बेल विकास निगम के अध्यक्ष "वीरे मालवीय" भी कुछ समय तक वाहनों में फंसे रहे। उन्होंने मौके की स्थिति का जायजा लिया और श्रद्धालुओं से भी बातचीत की।

मंदिर से परिवार सहित दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु रामशंकर ने बताया कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों के साथ काफी देर तक ट्रैफिक में फंसे रहने से परेशानी हुई। उन्होंने पर्व और अवकाश के दिनों में बेहतर यातायात प्रबंधन की आवश्यकता बताई।

निगम अध्यक्ष वीरे मालवीय ने कहा कि गुप्त नवरात्रि, रविवार और अन्य विशेष अवसरों पर सलकनपुर में श्रद्धालुओं की संख्या स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

ऐसे समय में यातायात व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सामान्य दिनों के साथ-साथ रविवार और पर्व-त्योहारों पर भी बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय चर्चा की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

स्टोन क्रेशर ब्लास्टिंग से घरों पर पत्थर बरसे, एक घायल

डीआर संवाददाता>सीहोर

बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के बाल तीलाखाड़ी के छापरी मोहल्ले में सुबह करीब 11.30 बजे स्टोन क्रेशर की खदान में ब्लास्टिंग हुई। इसके बाद उड़कर आए पत्थरों से इलाके में दहशत फैल गई। अचानक घरों पर पत्थर गिरने लगे। ग्रामीणों के मुताबिक ब्लास्टिंग में उठे पत्थरों से कई मकानों की छतें टूट गईं। टीन की छतों में छेद हो गए। घटना में राधेश्याम मालवीय के दाहिने हाथ में पत्थर लगने से उन्हें चोट आई। मांगीलाल मालवीय, प्रेमनारायण, कल्ला सिंह को भी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल स्थित कस्तार इंडस्ट्रीज स्टोन क्रेशर में बिना पूर्व सूचना के नियमित ब्लास्टिंग होती है। ग्रामीण शिकायत लेकर स्टोन क्रेशर पहुंचे। वहां मौजूद लोगों ने कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया। बताया गया कि ब्लास्टिंग आगे भी इसी तरह जारी रहेगी तो काम बंद करने की दी धमकी, थाने में केस दर्ज ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर क्रेशर में मौजूद लोगों ने रास्ता बंद करने की धमकी दी गई। घटना के बाद राधेश्याम सहित मोहल्ले के अन्य ग्रामीणों ने बिलकिसगंज थाने में लिखित शिकायत दी।

न्यूज गैलरी

'एक किलोमीटर जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान

बिलकिसगंज। पाटनी रोड से भोजनगर मार्ग तक करीब एक किलोमीटर सड़क लंबे समय से जर्जर बनी हुई है। यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है, लेकिन वर्षों से मरम्मत नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सर्वे के बावजूद निर्माण शुरू नहीं हुआ। ग्राम पंचायत ने बताया कि सड़क निर्माण का प्रस्ताव फीजिबलिटी को भेजा जा चुका है।

तीन माह से लापता नाबालिग देवास से बरामद

आष्टा। आष्टा पुलिस ने तीन महीने से लापता नाबालिग बालिका को देवास से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। 24 अप्रैल को दर्ज गुमशुदगी के बाद विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और लगातार प्रयासों के आधार पर पुलिस ने बालिका को सुरक्षित खोज निकाला।

आज नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक

आष्टा। श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सोमवार को भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। सुबह 8 बजे वार्षिकी महाअभिषेक, निर्वाण लाडू समर्पण और ध्वजारोहण होगा। नेमिनाथ जिन मंदिर सेवा संघ ने समाजजनों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

राष्ट्रीय प्री–सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

श्यामपुर। सीएमडी जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर की अंडर–19 फुटबॉल टीम हरियाणा के पुलवा में होने वाली राष्ट्रीय प्री–सुब्रतो प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। 54 सदस्यीय दल टीम गैमेलर अरविंद सिंह ठाकुर और प्रशिक्षक कीर्तीराज सिंह सोलंकी के साथ रवाना हुआ। विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

बाइक चोरी का खुलासा, बाल अपचारी हिरासत में

मैहदा। मैहदा पुलिस ने 50 हजार रुपए कीमत की चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया है। सीसीटीवी फुटेज और जांच के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पुलिस ने चोरी की बाइक जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

आष्टा। थाना से पूर्व अभियान 2 0 के तहत आष्टा पुलिस ने इंदौर–भोपाल हाईवे पर कार्रवाई करते हुए अमित जैन को 800 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ आरोपी से गांजा के स्रोत और नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। मामले की जांच जारी है।

कृषि उपज मंडी के अधिकारी–कर्मचारियों का हुआ पदोन्नयन

आष्टा। कृषि उपज मंडी बोर्ड ने विभिन्न अधिकारी और कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार राजसिंह मालवीय को मंडी निरीक्षक से सचिव बनाया गया है। वहीं अशोक कुमार माली, भूपाल सिंह उपलावदिया, देवीदत्त कुमार किकरवार और नितिन कुमार अवस्थी को उप निरीक्षक से मंडी निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। मंडी कैडर में अरविंद कुमार डावर को मुख्य लिपिक से कार्यालय अधीक्षक, राजमल चौहान एवं हरिनारायण पचलासिया को सहायक ग्रेड–2 से सहायक ग्रेड–1 तथा देवनारायण मेवाड़ा को सहायक ग्रेड–3 से सहायक ग्रेड–2 पद पर पदोन्नति मिली है। संयुक्त संचालक सविता प्रानिया ने पदोन्नति आदेश जारी किए।

स्थायात्रा

जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयघोष से गूंजा नगर

महाआरती व महाप्रसाद के साथ हुआ समापन,

डीआर संवाददाता>>आष्टा

: भगवान श्रीजगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की रथयात्रा पूरे धार्मिक उत्साह, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। नगर की प्रमुख सड़कों से होकर निकली इस यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। भगवान श्रीजगन्नाथ के जयघोष, हरिनाम संकीर्तन, भजन कीर्तन व पुष्पवर्षा से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

दोपहर 2 बजे गायत्री मंदिर से वैदिक

मंगलवार व पूजा अर्चना के साथ रथयात्रा का शुभारंभ हुआ। सुसज्जित रथ में भगवान श्रीजगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा विराजमान होते नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा में लोहे–लोहे बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु जय जगन्नाथ व हरि बोल के जयघोष लगाते हुए नृत्य–कीर्तन करते रहे, जिससे पूरा नगर भक्तिरस में डूब गया। रथयात्रा मोदक नाका, ठाकोन चौराहा, मुक्ति वेदांत पथ व शालीनी चौराहा होते हुए गौरांजलि गार्डन पहुंची। मार्ग में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यावसायिक संगठनों द्वारा भगवान की आरती उतारी गई तथा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह शीतल पेयजल, फल, प्रसाद व रोग शिविरों की व्यवस्था भी की गई। गौरांजलि गार्डन में भगवान श्रीजगन्नाथ की महाआरती सम्पन्न हुई। आरती के बाद हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया और भगवान से नगर की सुख समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना। आयोजन को सफल बनाने में

दुल्हान सेंटर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर हरनाम सेंटर के प्रमुख संयोजक लोनी, सुरेश सोनी व नवीन पंचाल ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगी संस्थाओं, स्वयंसेवकों व नगरवासियों का अभिनंदन करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। रथयात्रा ने सकल हिंदू समाज, हिंदू उत्सव समिति, आमाम महापंथ सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता सभी सभा में शामिल हुए। पुलिस व प्रशासन द्वारा सुरक्षा व यातायात की समुचित व्यवस्था किए जाने से संपूर्ण आयोजन शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। रथयात्रा के दौरान जगह जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रमुख नरेंद्र सुराणा, संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोगरे, प्रेम नारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, मोहू कोरी, गोविंदा प्रसादी, सतीश गुप्ता, महेश राठी, मनोहर वैरागी, प्रेम नारायण जायसवाल, रमेश गालवीय, मनोहर बोलवानी, वीरेंद्र जाटौर, निर्मल वैरागी, मुकेश वैरागी, पवन यादव एवं अनेक नोखनी सहित अनेक सदस्यों ने श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूरे आयोजन ने श्रद्धा, भक्ति, सामाजिक समरसता व सनातन संस्कृति का अद्भुत संदेश दिया। नगरवासी श्रीजगन्नाथ की भक्ति में रंगा पूरा आष्टा नगर एक दिव्य आध्यात्मिक उत्सव का साक्षी बना।

श्यामपुर क्षेत्र में सबसे कम 7.7 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई

सीहोर में मानसून ने फिर पकड़ी रफ्तार, 19 जुलाई तक औसतन 14 इंच बारिश दर्ज

डीआरसंवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। पिछले कुछ दिनों से मौसम में बदलाव के साथ बारिश की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। जिला पू. अभिलेख शाखा के अनुसार 1 जून से 19 जुलाई तक जिले में औसतन 14 इंच वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में कम है। वर्ष 2025 में 19 जुलाई तक जिले में 17.7 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई थी।

मंगलवार वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो आष्टा तहसील अधिक बारिश वाला क्षेत्र रहा, जहां 19.6 इंच वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद जावर में 18.9 इंच बारिश हुई। वहीं श्यामपुर क्षेत्र में सबसे कम 7.7 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई, जिससे यहां अभी भी सामान्य से कम बारिश की स्थिति बनी हुई है।

मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से लगातार नमी मिलने के कारण मध्य प्रदेश के मध्य हिस्सों में मजबूत मानसूनी सिस्टम सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से सीहोर सहित आसपास के जिलों में अगले 48 घंटे के दौरान तेज बारिश और कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान सावधान रहने और जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक आवाजाही से बचने की अपील की है।

मध्यप्रदेश पुलिस ने गुमुंग खरीदी, ई–टेकन पर कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतले भी जलाए

डीआर संवाददाता>>आष्टा

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर तहसील के कई गांवों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना के पुतले जलाए। प्रदर्शन किसान कांग्रेस मध्य प्रदेश के अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान के आह्वान पर हुआ।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की मूंग की शत–प्रतिशत खरीदी नहीं कर रही। साथ ही मूंग में लागू ई टोकन व्यवस्था से किसानों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसाएड, नीलकंठ डिगावर, शिवराज कराडी, शैलानी, बालगांव बोल्हेडी, स्नेह सहित कई गांवों में नारेबाजी की। पंचायतों ने मांग की कि किसानों की पूरी मूंग सम्बन्धित मूल्य पर खरीदी जाए। साथ वितरण की ई–टोकन व्यवस्था सरल की जाए।

जिले के वॉटरफॉल एवं जोखिमपूर्ण स्थानों पर जा रहे लोगों को लौटाया जा रहा वापस

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कलेक्टर श्री बालमुरुगन के निर्देशानुसार अधिकांश में नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी वॉटरफॉल, डैम, जल पर्यटन स्थलों एवं अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर संभावित नागरिक सुरक्षा समिति (सीएनएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रभावी है। इन स्थानों पर वर्षा के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए राजस्व, वन, पुलिस तथा अन्य विभागों

के गैरजरूरी अपने की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि पर्यटकों को प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से रोका जा सके तथा उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

कलेक्टर के निर्देशानुसार अमरावद, दिरंबर और कालिसाढ़ेव वॉटरफॉल सहित इन सभी दुर्घटना संभावित स्थलों पर नागरिकों को जाने से रोकने के लिए उनके पहुंच मार्गों पर टीमें तैनात की गई हैं। टीम द्वारा इन स्थानों पर जा रहे लोगों को प्रतिबंधात्मक आदेश की जानकारी देकर वापस लौटाया जा रहा है। कलेक्टर श्री बालमुरुगन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करें। नागरिकों का जीवन एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने जिले के इन पर्यटन स्थलों पर सीहोर के सख–साथ भोपाल से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन करने तथा सुरक्षित व्यवहार अपनाने की अपील की है।

गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन किया जाएगा कन्याओं को प्रसादी का वितरण

मरीह माता मंदिर में कन्या–पूजन के पश्चात प्रसादी का वितरण

डीआर संवाददाता>सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी शहर के विश्वनाथ मार्ग स्थित बोरिंगी मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी आषाढ़ शुक्ल नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन हवन, यज्ञ, दुर्गा सप्त शती का पाठ के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण के अलावा कन्या भोज आदि का आयोजन भी किया जाएगा। मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द गेवाड़, रोहित गेवाड़ा, जिला संरक्षक मंच संयोजक जितेन्द्र तिवारी,

संकल्प ब्रह्मास्त्र के राहुल सिंह, ब्रह्मचार्य पंडित मोहन शर्मा सहित अन्य ने यज्ञ शुक्ल नवरात्रि के पांचवें दिन कन्या भोज आदि का आयोजन भी किया जाएगा। मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द गेवाड़ा, रोहित गेवाड़ा, जिला संरक्षक मंच संयोजक जितेन्द्र तिवारी, संकल्प ब्रह्मास्त्र के राहुल सिंह, ब्रह्मचार्य पंडित मोहन शर्मा सहित अन्य ने यज्ञ शुक्ल नवरात्रि के पांचवें दिन कन्या पूजन किया अंतिम दिन श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा साथ ही सुबह पूजा–अर्चना के पश्चात शाम को हवन में वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां दी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ 11 सौ से अधिक आहुतियां दी। विधान को मां स्वरूपता का आह्वान किया। सरकार पर को प्रमारी मनोज दीक्षित गुरु ने बताया कि शुक्ल नवरात्रि का पांचवा दिन मां दुर्गा की शक्ति

मां स्वरूपता है। देवी स्वरूपमाता कात्यायिनी शक्ति के रूपमें पूजार की गयी है, इसलिए इन्हें स्वरूपमाता नाम दिया गया है। भगवान स्वरूप शक्तिरूपा में इनकी गोद में विराजित है। कहते हैं कि नवरात्रि में शिवशक्ति दंपति को स्वरूपमाता की विशेष उपासना करनी चाहिए, योगमिया मानवता है कि स्वरूपमाता की आराधना से सूनी गोद जल्द भर जाती है। उन्होंने बताया कि सांसारिक जीवों में नपुंसकता का बीज बोने वाली देवी स्वरूपमाता हैं।

टीनशेड निर्माण कार्य का निरीक्षण, समय पर पूरा करने के निर्देश

जावर। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 में निर्माणाधीन टीनशेड का परिषद के नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज टेंडा ने निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद इकबाल शाह सहित नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मनोज टेंडा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और इसे निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीनशेड बनने से क्षेत्र के लोगों को विवाह, मृत्यु भोज एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

स्वामी का गर्भ कल्याणक श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया



डीआर संवाददाता>>आष्टा

जैन धर्म के वर्तमान शासन नायक, अहिंसा, सत्य, करुणा व आत्मकल्याण के अमर संदेशवाहक भगवान महावीर स्वामी गर्भ कल्याणक महोत्सव का पावन पर्व रविवार को नगर के समस्त दिगंबर व श्वेतांबर जैन जिनालयों में अत्यंत श्रद्धा भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में भगवानों की प्रातःकाल की गई। मंगलपत्रिकाओं का आगमन

श्रद्धालुओं ने जिनालयों में भगवान महावीर स्वामी का विधि–विधानपूर्वक अभिषेक, शांतिधारा, पूजा अर्चना व भक्तिभाव से आराधना कर विश्व शांति, आत्मकल्याण तथा समस्त प्राणियों के मंगल की कामना की। नगर के श्रीगुरु प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, गंज में भगवान महावीर स्वामी के गर्भ कल्याणक के पावन अवसर विशेष शांति विधान का आयोजन किया गया। यह विधान आष्टा नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष रहे जाति भूषण स्वर्गीय पूज्यवर वासखीलाल के ज्येष्ठ पुत्र स्वर्गीय अवधेश कासखीलाल की पत्नी तथा सरपंच व्यापारी मोहित व सुमित वासखीलाल की माताजी स्वर्गीय पदमा मालीवाल की पुण्य स्मृति में

आष्टा में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक आयोजित 13 वें वें धार्मिक कार्यक्रम के रहता सम्पन्न हुआ। शांति विधान के पूर्व भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा का पवित्र जल से अभिषेक किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने शांतिधारा अर्पित कर धर्म, शांति, समता और आत्मशुद्धि की मंगल कामना की। प्रातःकाल नवकार करते हुए नमुत्थिया महावीर भक्ति गीतों व जिनेन्द्र प्रभु के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। संपूर्ण विधान अत्यंत शास्त्रीय अनुशासन व आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज ने भगवान महावीर स्वामी के गर्भ कल्याणक के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए

बताया गया कि जैन परंपरा के अनुसार गर्भ कल्याणक वह दिव्य अवसर है जब तीर्थंकर भगवान का जीव माता के गर्भ में अवतरित होता है। उस समय समस्त लोक में शुभ संकेत प्रकट होते हैं तथा माता माता को सोलह दिव्य स्वप्नों का दर्शन होता है, जो भविष्य में तीर्थंकर के अवतरण और उनके द्वारा धर्म तीर्थ की स्थापना का संकेत माने जाते हैं।

कार्यकारण

भारतीय स्टेटबैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक, दो साल के लिए नई कार्यकारणी गठित

पेंशनरों को साइबर से होने वाले क्राइम की जानकारी दी गई

डीआर संवाददाता> सीहोर

भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की इकाई सीहोर की बैठक का आयोजन शहर के इंस्टिक्यूट मार्ग स्थित एक निजी होटल में किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पेंशनर्स सभी मौजूद थे। इस मौके पर दो साल के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई, वहीं वार्षिक आम सभा सितंबर माह में आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान पेंशनरों को साइबर से होने वाले क्राइम की जानकारी दी गई। बैंक का कोई भी कर्मचारी, खातेदार से किसी प्रकार की ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी नहीं

मांगता है। ऐसा कोई फोन आपको आता है कि हम बैंक से बोल रहे हैं, आपका एक ओटीपी भेजा है, तो सबसे पहले आप अपने बैंक के अधिकारी से चर्चा करें। क्योंकि बैंक किसी प्रकार के लेनदेन के लिए ओटीपी नहीं मांगता है। ऐसा होने पर किसी को भी अपने खाते की जानकारी नहीं दें। ऐसे में आपको आया ओटीपी से आपके खाते से साइबर से पूरी राशि निकली जा सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीश गुप्ता अध्यक्ष एवं विशेष अतिथि हरि शर्मा सचिव ने की। कार्यक्रम में दिवंगत सदस्यों एवं परिवार के लिये दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सीहोर इकाई के अध्यक्ष की अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया। इकाई में शामिलित होने वाले नये सदस्य रामराज साहू, एसोसीएशन जानकी सोलंकी का पुष्पगुच्छ से सम्मान श्रीमति नाजरा गुप्ता महिला प्रतिनिधि द्वारा किया गया लीडिंग इकाई के सचिव रघुनाथ सिंह वर्मा ने इकाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इकाई का बैंक प्रबन्धन के साथ सम्मेलन, इकाई के सदस्यों को दिये जाने चिकित्सा प्रकार के सहयोग आदि पर प्रकाश डाला इसके साथ ही बैंक स्तर की नई पेंशन ने सुधार के बारे में भी जानकारी प्रदान की, इस क्रम में मेडिकल व्यय अधिक हो जाते हैं, इसमें दिये बैंक द्वारा संचालित मेडिकल पॉलिसी पर विस्तृत चर्चा की एवं सभी सभियों से निवेदन किया की मेडिकल क्लेम पॉलिसी की अपडेश द्वारा तरे पिसर्स आपके परिवार ने मेडिकल लाभ ले सहयोग मिल सके। आवश्यक सावधानियों जैसे एसआरएमएस पोर्टल को देखना, अपने पुराने खातों को केवाईसी अपडेट कराना, पेनकार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराना, प्राप्त होने वाली सही पेंशन राशि की जांच करना, डीजिटल आई कार्ड बनवाना तथा बैंक में उपस्थित अधारिती फार्म प्रस्तुत करना जिससे पेंशनर के नहीं रहने पर उनकी पूर्ण का भुगतान सही प्राप्ति हो सके आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की

न्यूज गैलरी

इस्कॉन मंदिर का जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव आज

विदिशा। भक्ति वेदांत गुरुकुल और श्री श्री राधा श्यामसुंदर जी इस्कॉन मंदिर इस साल भी जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा महोत्सव का आयोजन शनिवार को रखा गया है। आयोजकों ने नगरवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर धर्म लाभलेने की अपील की है।

महाविद्यालय में आज से प्रशासनिक सेवा कार्यशाला

विदिशा। जिले के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय आदर्श महाविद्यालय, जम्बार बागरी में 20 से 25 जुलाई तक छह दिवसीय विशेष कार्यशाला होगी। कार्यशाला का नाम छात्रशासनिक अधिकारी कैसे बनेंगे रखा है। प्रिंसिपल महादीप के मुताबिक कार्यशाला विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत होगी।

करैया खेड़ा सब स्टेशन में चार्जिंग, 3 घंटे बिजली बंद

विदिशा। शहर में सोमवार को बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। कारण 33x11 केवी करैया खेड़ा सब स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर की चार्जिंग है। इस काम के दौरान 11 केवी इंडस्ट्रीयल फीडर, 11 केवी इतनाबाद फीडर का विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगा। बिजली कंपनी के मुताबिक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे बेटी नगर, सुभाष नगर, सागर रोड, हर्ष विहार कॉलोनी में बिजली कटौती रहेगी।

यात्रा यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आज

विदिशा। जनवरी माह में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में हिंदू उत्सव समिति की बैठक आज शाम 4 बजे राजपुत्र सभागृह में आयोजित होगी। समिति अध्यक्ष नितिन महेश्वरी ने सभी आजीवन सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर यात्रा के सफल आयोजन के लिए अपने सुझाव एवं विचार देने की अपील की है।

6 दिवसीय मार्गदर्शन कार्यशाला आज से

विदिशा। शासकीय आदर्श महाविद्यालय, जम्बार बागरी में 20 से 25 जुलाई तक स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छह दिवसीय कार्यशाला प्रशासनिक अधिकारी कैसे बनें पर आयोजित होगी। कार्यशाला में जिला कलेक्टर नीलेश अहिरवार, डॉ. पुष्पा शुक्ला, तिलोकचंद दीपेंद्रा गौतम, भूर सिंह नौहारा, जिला अभियोजन अधिकारी देवश्री ठाकुर, उपसंचालक कृषि संजय जैन एवं सामाजिकी की विमल गर्ग प्रशासनिक, मुखिया, न्यायिक और कृषि सेवाओं में करियर, परीक्षा रणनीति, व्यक्तित्व विकास व नेतृत्व पर मार्गदर्शन देंगे। समापन दिवस पर रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार अवसरों की जानकारी दी प्रदान की जाएगी।

असद नवेद हाशमी बने मध्यभारत प्रांत संयोजक

कुरवाई। भूमिका राष्ट्रीय संघ की जिला सतीय बैठक में सम्मान नागरिक समिति (यूनीसी) का समर्थन करते हुए इसे देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के लिए आवश्यक बताया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शमशाद हुसैन कादरी ने की। कादरी ने संविधान को देखते हुए एडवोकेट असद नवेद हाशमी को मध्यभारत प्रांत संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश उलमा बोर्ड अध्यक्ष सरवर पटेल को बक्स सदस्यों के संचालन और कार्यवाही प्रबंधन में योगदान के लिए बक्स सम्मान देने का निर्णय लिया गया।

कार्यकर्ताओं से संवादरू गुटबाजी खत्म कर संगठन मजबूत करने और बूथ स्तर तक सक्रिय होने दी नसीहत

भाजपा जनता से किए वादों से मुकर चुकी बदलाव का समय आ गया: राहुल भैया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मप्र किसानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल भैया ने रविवार को विदिशा दौरे के दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। शहनाई गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली और भ्रष्टाचार से परेशान है, जबकि सरकार जनहित के मुद्दों से पूरी तरह विमुख हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जनता से किए अधिकांश वादों से मुकर गई है और केवल प्रचार की राजनीति कर रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इस परिवर्तन का वाहक बने। उन्होंने यह भी कहा की इतने प्रदर्शन होने के बाद भी भाजपा के शहनूर मैराज का हुआ जोरदार स्वागत

एक भी नेता ने इस्तीफा नहीं दिया। जबकि कांग्रेस के समय में एक रेत घुटाला की जिम्मेदारी लेते लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया था। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरगोविंद जैन, पूर्व विधायक निशांक जैन, एडवोकेट देवेंद्र श्रीवास्तव सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राहुल भैया के विदिशा आगमन पर बाबागंज चौराहे स्थित विश्वास रेस्तरां पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मुल-मालाओं और पुष्पवर्षा से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मैंने इस लिया है कि जब तक कांग्रेस की सरकार नहीं बनती मैं गदा नहीं पहनूंगा और स्वागत नहीं करूंगा। सरकार बनने पर ही स्वागत स्वागत कराएंगे और गदा पहनेंगे। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में उपवास आयोजन किया गया। हजारों

पत्नी की हत्या कर इंदौर से फरार इनामी पति का रेलवे ट्रैक पर मिला

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

इंदौर में पोस्टल असिस्टेंट तनिका सैनी की हत्या के मामले में 11 दिन से फरार चल रहे आरोपी पति रूप अखिलेश सैनी (45) का शिव कटरा स्थित गंजबासौदा-कुर्वाई रेलवे स्टेशन के पूर्व सालाना रेलवे ट्रैक पर मिलने की सनसनी फैल गई।रेलवे सूत्रों के अनुसार कलियर रात करीब 11 बजे पुलाक एक्सप्रेस के लोको पायलट को सुशील सिंह ने रेलवे को ट्रैक पर किसी व्यक्ति के कटने की सूचना दी थी। इसके बाद सोमवार सुबह करीब 6 बजे बी-पीस में पोल नंबर 925/18-20 के बीच आईबीएस सिग्नल के पास सिर कटा शव पड़ा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।पोस्टल असिस्टेंट रूपा के गलते में 11 दिन से था फरार, जेब से मिले पैन कार्ड से हुई पहचान

इंदौर पुलिस से हुआ संपर्क, परिजन भी पहुंचे

गंजबासौदा पुलिस ने दस्तावेज मिलने के बाद। बाद इंदौर पुलिस से संपर्क किया, जहां से पुष्टि हुई कि मृतक की पत्नी आरोपी अखिलेश सैनी है। सूचना मिलने पर उसके पिता और बेटी गंजबासौदा पहुंचे तथा शव की शिनाख्त की। इसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मानकर जांच कर रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट,मेडिकल जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही की जाएगी। फिलहाल मौके में किसी प्रकार की भी पुलिस गतिविधि से जांच कर रही है।

छह किमी तक तलाश, पर नहीं मिला सिर

शहर थाना प्रभारी संतोष बैरिया ने बताया कि शव के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान अखिलेश सैनी के रूप में हुई। पुलिस ने रेलवे ट्रैक के आसपास करीब छह किलोमीटर तक सिर की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिल सका। शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों से पहचान और जांच के बाद ही सभी तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि की जाएगी।

20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था

गौरतलब है कि 11 जुलाई को इंदौर के संभागीय मुख्य क्षेत्र स्थित सरकारी आवास में पोस्टल असिस्टेंट तनिका सैनी (36) की हत्या कर दी गई थी। घटना का खुलासा तब हुआ, जब दोपहर में स्कूल से लौटे दोनों बच्चों ने घर के अंदर से खून से लथपथ पड़ा देखा।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष का खुद ही पार्टी पर हमला टिकट एक को मिलता है, तो 6 उसे निपटाने में लग जाते हैं

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पूर्व नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह राहुल भैया ने अपनी ही पार्टी के भीतर पैर पसार चुकी गुटबाजी पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। संगठन को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से रज-विवेक पर प्रदेश भ्रमण पर निकले अजय सिंह ने विदिशा में कार्यकर्ताओं को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी ने पार्टी की जड़ें खोखली कर दी हैं। हालत यह हो चुकी है कि साल 2028 में कांग्रेस को मध्य प्रदेश की सत्ता से दूर हुए पूरे 28 साल हो जाएंगे। आज की युवा पीढ़ी ने तो प्रदेश में कांग्रेस की सरकार देखी ही नहीं है।

अजय सिंह ने नेताओं को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि पार्टी में गुट सिर्फ कांग्रेस का होना चाहिए, न कि किसी नेता का। उन्होंने मंच से कहा कि अजय सिंह गुट, जीतू पटवारी गुट, दिग्विजय सिंह गुट या कमलनाथ गुटबाजी से ऊपर उठना होगा। पार्टी में विभिन्न यह है कि जब दिल्ली एक कार्यकर्ता को टिकट मिलता है, तो बाकी के 6 दावेदार उसे चुनाव में निपटाने की साजिश रचने लगते हैं। अब बहुत हो गया निपटान। टिकट किसी एक को ही मिलेगा, इसलिए जिले भी जिम्मेदारी मिले, बाकी

कृषि मंत्री के गृह क्षेत्र में खाद-टोकन को तरस रहे किसान अजय सिंह ने किसानों की बदहाली के मुद्दे पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जो नेता 28 साल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और अब देश के कृषि मंत्री हैं, उनकी विधानसभा सिंह चौहान के क्षेत्र में किसान खाद और एक-एक टोकन के लिए तरस रहे हैं। रहे हैं। भाजपा चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन सत्ता में सिर्फ अपने लोगों के फायदे के लिए आती है। राम मंदिर के चंदे और बद्रीनाथ धाम पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो भाजपा राम की सगी नहीं हुई, वह आम जनता की क्या होगी? मेरा मैं लाखों छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है, जंतर-मंत्र पर प्रदर्शन चल रहे हैं, लेकिन कांग्रेस शिक्षा मंत्री इस्तीफा तक नहीं दे रहे हैं।

47 साल बाद गुरु-दक्षिणा: पूर्व छात्रों छात्रों ने ध2.10 लाख दिए, 1200 छात्रों को मिलेगा

डीआर संवाददाता ✍ वी

नगर विदिशा करीब 47 वर्ष पहले जिस सरकारी बालिका स्कूल से पढ़कर निकले थे, उसी स्कूल के प्रति अपनापन और जिम्मेदारी निभाते हुए 1977 बैच के पूर्व विद्यार्थियों ने ऐसी पहल की, जिससे अब हर दिन 1200 बच्चों को - शुद्ध और ठंडा पेयजल मिल सकेगा। शहर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पूर्व छात्रों ने 2.10 लाख रुपए का सहयोग देकर आरओ और वाटर फिलिंग प्लांट स्थापित कराया है। इससे शाम की स्कूल परिसर तीन अलग-अलग स्थानों पर पेयजल की टंकियां लगाई गई हैं, ताकि अवकाश के दौरान विद्यार्थियों को आसानी से स्वच्छ पानी मिल सके। में

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पूर्व छात्रों और विद्यालय परिवार की मौजूदगी में आरओ एवं वाटर फिलिंग प्लांट का लोकार्पण किया गया।

यह पहल जिले के सरकारी स्कूलों के लिए भी प्रेरणादायी मानी जा रही है।

दक्षिणा किस्म देने वाले वे छात्र रहेंगे विद्यालय प्राचार्य के सिंह ने बताया कि अब स्कूल के सभी 1200 विद्यार्थियों को बाजार शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे गर्मी के मौसम में भी उन्हें राहत मिलेगी।

इस जनहितकारी पहल में मंजूषा मधुकर पंडित (ग्वालियर) और नीलकंठ पंडित ने 1 लाख रुपए का योगदान दिया।

सोनम वांगचुक के समर्थन में आप का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।

जाम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता एवं मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित सोनम वांगचुक के समर्थन में विशेष प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने हाथों में काली पट्टी बांधकर माधवगंज चौराहे से तिलक चौक होते हुए गांधी प्रतिमा, नीलगंज तक पैदल मार्च निकाला और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

गांधी प्रतिमा पर आयोजित सभा में आप की अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत ने कहा कि दिल्ली के एक्टर-गायर पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा धरना स्थल से हटाकर अस्पताल ले जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक जैसे मामलों में जिम्मेदारी पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे बेरोजगार युवाओं और विद्यार्थियों में निराशा बढ़ रही है।

पीसीए अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा कि लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने केंद्र सरकार से शिक्षा व्यवस्था में सुधार और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि वास्तव रहने ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी संकट में पड़ सकता है।

चौथे दिन 23 मुकाबलों में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सिंगापोर्ट वर्ल्ड स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-12 फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 के तीसरे दिन अंडर-19 वर्ग के 23 रोमांचक मुकाबले खेले गए। कई टीमों के बीच दर्जन भर अंकों वीर की ग्रुपवारी मशहूर की, जबकि कई मुकाबले काटे को डी तक कर ही रहे। मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह पूरे दिन आकर्षण का केंद्र बना रहा। दिन के प्रमुख मुकाबलों में एलएनसीपी

वर्ल्ड स्कूल भोपाल ने एलपीएस को-एड स्कूल को 2-0 से, विदिशा से हराया। इसके अलावा स्कूल मेन कैंपस ने मेकर इंटरनेशनल स्कूल इंदौर को 6-1 से हराकर बिन की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वास्तव विद्या विहार सागर ने सेंट मेरी स्कूल बरवानी को 5-0 से पराजित किया, जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल नीलबाग भोपाल ने दीपक मेमोरियल एकेडमी रायगढ़ को 3-0 से शिकस्त दी। कई मुकाबले 0-0 और 1-1 की बराबरी पर भी समाप्त हुए। टूर्नामेंट के दौरान विदिशा आकर्षक कला प्रायरा उत्सव के राष्ट्रीय मैदान पर पहुंचे और खिलाड़ियों से परिचय कर उनका पब्लिक स्कूल कोलार रोड ने मेघालय मिलेनियल स्कूल को 1-0 उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राजकुमार सर्राफ, अजय साहू, मुदित बंसल, डॉ. डी.पी.साहू, डॉ. शशकरा शर्मा, डॉ. आरती शर्मा, प्रति रैकवार, मंजू पांडे, रोहित अग्रवाल और सोना सहित विद्यालय के संचालक मोनेंद्र सिंह राणा एवं निदेशक मीनल राणा उपस्थित रहे। 16 जुलाई से शुरू हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अब तक कुल 60 मुकाबले खेले जा चुके हैं। खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभाओं से भरपूर यह आयोजन इस दिन नए रोमांच के साथ आगे बढ़ रहा है।

रेडीमेड वस्त्र संघ चुनाव

नर्मदा अरोरा को हराया, व्यापार महासंघ प्रतिनिधि चुनाव में जुगल को मिले सर्वाधिक 143 मत किया

10 वोटों से जीतकर सचिव बने अनुज जैन, पिता रह चुके हैं

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर की अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट में रविवार को रेडीमेड वस्त्र विक्रेता संघ में के त्रिवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण माहौल संपन्न हुए। सबसे दिलचस्प मुकाबला सचिव पद पर देखने को मिला, जहां पहली बार युवाओं मैदान में उतरे युवा प्रत्याशी अनुज जैन ने 95 मत हासिल कर गर्मिता अरोरा (85 मत) को 10 वोटों से पराजित किया।

जीत के साथ अनुज जैन अगले तीन वर्षों के लिए संघ के सचिव निर्वाचित हो गए। खास बात यह रही कि उनके पिता सुरेंद्र जैन भी पहले संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि प्रतिद्वंद्वी गर्मिता अरोरा के पिता देवराज अरोरा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण यह मुकाबला व्यापारियों के बीच खासा चर्चा का विषय बना रहा। इससे पहले अध्यक्ष पद पर आशीष जैन, उपाध्यक्ष सोनू कुशवाह, सह सचिव अविनाश

जैन और कोषाध्यक्ष आर्यन जैन निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। चुनाव प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी दिनेशचंद्र अग्रवाल, राजीव जैन और मनोज खेड़ा ने किया। मतदान सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक हुआ, जबकि मतगणना देरकर 2 से 3 बजे तक चली। परिणाम घोषित होने के बाद बिजली प्रत्याशियों का बड़े बाजार तक जुलूस निकाला गया।

जीत के बाद निकाला विजयी जुलूस।

व्यापार महासंघ प्रतिनिधि चुनाव में जुगल किशोर सबसे आगे व्यापार महासंघ प्रतिनिधि के चार पदों में से तीन के लिए मतदान हुआ। इसमें जुगल किशोर सोनी को सर्वाधिक 143 मत मिले। अंकित जैन को भी 134 मत, जबकि मोहन बलेया को 139 मत प्राप्त हुए और तीनों प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। सहित रावत को 114 मत मिले, जिसके वे चुनाव हार गए। वहीं सिद्धेंद्र जैन पहले से व्यापार महासंघ के पदाधिकारी होने के कारण निर्विरोध प्रतिनिधि घोषित किए जा चुके थे।

171 वोट पड़े, वरिष्ठ पद पर एक और प्रतिनिधि चुनाव में बाहर मत निरस्त

वाद में कुल 180 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से दो मतदाता ने मतदान नहीं करने के कारण मतदान का अधिकार खो दिया था। शेष 187 मतदाताओं में से 10 ने पहले ही टेंडर वोट डाल दिए थे। रविवार को 177 मतदाताओं को मतदान करना था, जिनमें से 171 ने वोट डाले। छह मतदाता मतदान के लिए नहीं पहुंचे। सचिव पद पर एक मत इसलिए निरस्त हुआ क्योंकि दोनों प्रत्याशियों के सामने मुहर लगा दी थी।

चार्वाक दर्शन ने दिया तार्किक और वैज्ञानिक चिंतन का संदेश

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

गांधी सुमित्रा मंच एवं जिला सर्वोदय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. हरिसिंह सभागार में आयोजित सर्वोदय

सभागार व्याख्यानमाला में आचार्य ऑक्सिजेन वालवीय ने चार्वाक दर्शन की वैज्ञानिक एवं तार्किक दृष्टि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जहां धुआं है, वहां आग भी हो सकती है जैसी अनुमान की अवधारणा चार्वाक दर्शन में चार्वाक की महत्वपूर्ण देन है, पिरहने वेदांत, जैन और बौद्ध दर्शन - को भी प्रभावित किया। आचार्य वालवीय ने कहा कि अनुमान - कई बार सत्य तक पहुंचने का माध्यम बनता है, लेकिन कभी-कभी गलत भी सिद्ध हो सकता है। इसलिए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले विवेक, सम्यक दृष्टि और वैज्ञानिक सोच - आवश्यक है। सर्वोदय में डॉ. परमानंद सिंह एवं सुलतान सिंह - हाड़ा ने भारतीय साहित्य और दर्शन में चार्वाक के उल्लेख पर अपने विचार रखे। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सुरेश गर्ग ने चार्वाक दर्शन की वैज्ञानिकता को रेखांकित किया। संचालन प्रो. बेबी पंजवानी ने किया, जबकि प्राचार्य ने प्रो. अरविंद द्विवेदी ने सर्वोदय सभागार प्रांगण बनाई। इस दौरान डॉ. कुसुम गर्ग, अशोक लोहारी, आशुतोष शुक्ला, सुरेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव धर्मनारायण चतुर्वेदी, प्रो. रजिया खान द्विवेदी, डॉ. राजेश मंसल, ठाकुर आदि मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

भोज मुक्त विवि में प्रवेश शुरू, 31 तक आवेदन

राजगढ़। मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार सुलभ शिक्षा प्रणाली के जरिए विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी स्थान से पढ़ाई कर सकेंगे। स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश उपलब्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक साथ दो पाठ्यक्रम पूरे करने का विकल्प भी दिया गया है। इसमें एक पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय से किया जा सकता है।

पीएम फसल बीमा योजना के आवेदन 31 जुलाई तक

राजगढ़। पीएम फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 सीजन के लिए मप्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना अधिसूचना अनुसार बीमा इकाइयों में में बीमित कृषकों को एनसीआईपी पोर्टल पर दर्ज किया है। योजनांतर्गत बैंकों द्वारा किसानों का प्रीमियम नामे कर बीमांकन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, जाली कृषकों का बीमा बैंकों द्वारा स्वतः ही हो जाता है।

पंचायत सचिव संगठन की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

राजगढ़। मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन की राजगढ़ जिला इकाई का जिला स्तरीय सम्मेलन रविवार को जलज माता मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। इस दौरान नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें जगदीश गुर्जर को जिला अध्यक्ष और बजरंग शर्मा को प्रभारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश प्रवक्ता नानसिंह देवड़ा ने बताया कि संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने पंचायत सचिवों के अधिकारों की रक्षा और 70 हजार रुपये वेतनमान की मांग को पूरा कराने के लिए निरंतर संघर्ष जारी रखने का भरोसा दिलाया। सम्मेलन में डिसेम्बर के बाकी संख्या में पंचायत सचिव मौजूद रहे।

नाली का गंदा पानी सड़क पर, फिसल रहे कई वाहन

राजगढ़। वार्ड-1 ग्वालीपीठ स्थित खोखरी महादेव मंदिर रोड पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने से लोगों की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर कीचड़ व पानी जमा रहने से दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। रहवासियों ने प्रशासन से नालियों की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

पाइपलाइन मरम्मत के बाद सड़क अधूरी, हादसों का खतरा

राजगढ़। स्टेडियम रोड पर जनपद पंचायत के सामने मोहनपुरा पाइपलाइन की मरम्मत के बाद बीच सड़क की खुदाई को अब तक समाप्त नहीं किया गया है। इससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है और आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है।

सम्मेलन राजगढ़ महाविद्यालय में साल 1981 में पढ़े पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह सम्मेलन

45 साल बाद कॉलेज पहुंचे छात्र, कोई भावुक हुआ तो किसी ने गुदगुदाया

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

राजगढ़ के विभिन्न स्कूलों एवं लॉ महाविद्यालय में साल 1981-82 में संचालित सत्रों से पढ़े विद्यार्थियों का स्नेह सम्मेलन रविवार को आयोजित हुआ। कॉलेज में ही आयोजित इस स्नेह सम्मेलन में पहुंचे इन पूर्व छात्रों में कई राजाधिकारी, विभागीय व्यापारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल थे। अनेक वर्षों बाद जब हम एक छात्र के नीचे पहुंचे तो कई भावुक हो उठे वहीं अतीत के संस्मरणों से कईयों ने काफी समय तक गुदगुदाया।

पूर्व छात्रों के साथ-साथ उस समय के गुरुजियों, व्याख्याताओं को भी कार्यक्रम में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इन हस्तियों में मध्यप्रदेश पुलिस के पूर्व आईजी मनीश सक्सेना, पूर्व प्रोफेसर एन.के. जगदीश प्रदीप शर्मा व पूर्व एसडीओपी, श्रीमती जिनीत जैन पूर्व प्रोफेसर, सतीश गोस्वामी पूर्व प्रोफेसर, देश के ख्यात हास्यकवि कलाकार मंच राजनारायण मौर्य सहित विभाग व्यापारी, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ उस समय के कुछ, साथी तक मौजूद थे।

सर्वप्रथम सभी ने किए मां जालपा के दर्शन

अनेक वर्षों उपरान्त राजगढ़ की धरा पहुंची इन पूर्व छात्रों ने सर्वप्रथम बीच पर के सबसे प्रसिद्ध देवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम पहुंचकर माता के दर्शन लगाया। करीब 45 वर्ष पूर्व जब ये छात्र जालपा धाम आए थे उसे समय मंदिर का स्थल काफी अलग था। धाम के बगल गेंदा जलाशय पीपल के वृक्ष के नीचे एक चबूतरे पर विराजमान थी।

उसी कक्ष में पहुंचे 45 साल पहले की थी पढ़ाई

महाविद्यालय ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व छात्र सभी कक्ष में पहुंचे उन्हीं साथी पलों के अपने गुरुओं से मिल कर्ते थे। सभी ने देखा, बैठ कर बैठकर गुरुओं के संभाषण सुने। पूर्व व्याख्यान गुरु भी उस समय के सभी, अतीत की यादों को सुनकर भावुक हो उठे। कुछ शिक्षकों ने भावुकता के साथ हास्य का पुट भी देखने मिला।

गुरुओं को मंचासीन कर कुर्सियों पर बैठे पूर्व छात्र

महाविद्यालय ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व छात्र सभी कक्ष में पहुंचे उन्हीं साथी पलों के अपने गुरुओं से मिल कर्ते थे। सभी ने देखा, बैठ कर बैठकर गुरुओं के संभाषण सुने। पूर्व व्याख्यान गुरु भी उस समय के सभी, अतीत की यादों को सुनकर भावुक हो उठे। कुछ शिक्षकों ने भावुकता के साथ हास्य का पुट भी देखने मिला।

मौर्य द्वारा देश के लिए दिए गए योगदानों की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा करने के साथ उनके साथ प्रसन्न होकर विताए गए पल साझा किए।

बस में महिला का बैग चोरी करने वाला गिरफ्तार किया, 62 हजार का सामान जब्त

सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी की वारदात का खुलासा

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना सारंगपुर पुलिस ने ऑपरेशन चक्र के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से बस से बैग चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अमित सेनी (आयुष) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एस कंसारे के निर्देशन तथा एसडीओपी अरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रघुराज रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्यवाई की। पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई 2026 को करिश्मिया गुप्ता गोस्वामी (28), निवासी कलकत्ताकालोनी, थाना नालखेड़ा, जिला आगर मालवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सारंगपुर बस स्टैंड से बस में यात्रा के

पुलिस थाना सार कमरबंद, एक मोबाइल अन्य कपड़े रखे थे।

डकैती में आरोप क्रमांक पलसय पीजन ठंडी की गई। जांच के दौरान के मार्गों पर लगे से खंगाले गए। तकनीक पुलिस ने आरोपी रमेश (40), निवासी जयुरिया जिला राजगढ़ को गिर आरोपी के कब्ज दौरान अज्ञात व्यक्ति उनका बैग चोरी कर ले गया। बैग में करीब 562 ग्राम चांदी की पायल व पावल, लगभग में अन्य सामान सहित ल मशरूका बरामद कर । सपनि जगदीशलाल मेवाड़ी, आरक्षक रघुवंशी तथा चालक

निजी स्कूलों में शासकीय पुस्तकों व लग रहीं निजी प्रकाशकों की महंगी

शासन के नियमों की अनदेखी, अभिभावकों पर भार

डीआर संवाददाता ✍ जीरापुर



नगर और आसपास के क्षेत्रों के अशासकीय विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित शासकीय पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें संचालित किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक बस से कम 4 शासकीय पुस्तकें और कक्षा 6 से 10 तक 6 शासकीय पुस्तकें संचालित करना अनिवार्य है। इसके साथ ही विद्यालयों को अपने यहां संचालित पुस्तकों की सूची निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना भी आवश्यक है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, कईकॉलेज जनसर शिक्षा खेद जीरापुर

अशासकीय विद्यालयों ने अब तक पोर्टल पर पुस्तकों की सूची साझा नहीं की है। यही अभिभावकों का आरोप है कि उन्हें विशेष दुकानों से निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें क ना रहा है। अधिकांश बच्चा न कहना है कि इस अनुमोदित प्रकाशकों की निजी कीमत पर लाखों अभिभावक की गाइड अनिवार्य है अब देकर सुचित करना -रात

स्कूल में नशा मुक्ति से दूर रहने का संकल्प

डीआर संवाददाता ✍ जीरापुर

महर्षि वाल्मिक हायर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस विभाग के द्वारा नशा मुक्ति 2. 0 का आयोजन किया गया। इस सभा चेतना में अतिथि थाना प्रभारी लोकसिंह मीना, उपनिरीक्षक सतीश सिंह, सरपंच अध्यक्ष दिनेश जमोरिया, प्रधानाचार्य दिनेश नुर्जर, संचालक शिवपाल बागी की उपस्थिति में बच्चों को परिवार दोस्त या अन्य लोग जो नशा करने वाले हैं।

उनको रही दिशा देने और सम्बोधित देकर नशे जैसे कुकर्म से हटाने, नशा से मुक्त करने के लिए संदेश दिए गए। कहा को कहा कि अगर कोई नहीं मानते हैं तो टोल फ्री नंबर पर फोन लगाकर पुलिस को अवगत करा सकते हैं। पुलिस उनकी समझाइस देगी और बच्चे को भी नशा नहीं करना चाहिए। इससे कई परिवार बर्बाद हो गए और कई बच्चों के परिवार में नशा करने की वजह से पढ़ाई खराब हो जाती है जिससे उनके जीवन में दुष्प्रभाव होता है और एक अच्छा पढ़ने वाला विद्यार्थी भी गलत संगत में लग जाता है। इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को जीवन में कभी भी नशा नहीं करने और ना ही नशा करने वाले का सहयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाएं दिनेश राठौर, राधेश्याम लोन सिंह, राजेश शर्मा, कमलेश भावसार, के समाजसेवक, वि तथा मुकेश कार्यक्रम का र आभार संस्था माना।

कोतवाली टीआई ने मरीज के लिए किया रक्तदान

राजगढ़। कोतवाली थाना प्रभारी मंजू मर्सकोला ने रविवार को थालीपीठ सोनवनशीला का परिचय देते हुए जिला अस्पताल में भर्ती एक जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान किया। मरीज को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी और उपयुक्त रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। सूचना मिलते ही टीआई अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मरीज की मदद की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को

महाकाल जा रही कार मिट्टी के टीले से टकराई, 2 की मौत

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावर/दीनगंज

उत्तर प्रदेश के उन्नाव से महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जा रहे भक्त श्रद्धालुओं की यात्रा रविवार तड़के दर्दनाक हादसे में बदल गई। पीपलपाडल और दीनगंज के बीच हाईवे पर कार इनकार यूपी 36 एयो 1661 का अगला बायां पहिया पंक्चर हो गया। जिससे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 10 फीट ऊंचे मिट्टी के टीले से जा टकराई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। इनमें एक घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे उत्तर प्रदेश रेफर किया गया है। उन्नाव निवासी कार चालक 24 वर्षीय सौरभ गौतम ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदार, अखिलेश यादव, रघुनाथी प्रजापति, अजीत कुमार पांडे, मनीष रावत, श्यामू और विकास गौतम के साथ रविवार को सुबह से उज्जैन के लिए निकले थे। रविवार सुबह करीब 4 बजे पीपलपाडल और दीनगंज के बीच हाईवे पर कार का अगला बायां पहिया अचानक पंक्चर हो गया। इसके बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे खड्ड में जा घुसी गई है।

रविवार सुबह करीब 4 बजे पीपलपाडल और दीनगंज के बीच एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मिट्टी के टीले से टकरा गई। हादसे में चार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। सभी चार सवार उत्तर प्रदेश के उन्नाव के उज्जैन में श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए जा रहे थे। एक मृतक का पोस्टमार्टम आयरा जिला अस्पताल में कराया गया है। पुलिस ने सभी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बीएस नवासी, एसआई, देवास थाना, ब्यावरा

मिट्टी के टीले से उन्नाव गई

हादसे में जालौन निवासी रघुनाथी रघुनाथी प्रजापति (26) और उन्नाव निवासी अजीत पांडे (52) की मौत हो गई। सभी घायलों को दीनगंज और ब्यावर के जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज की और अजीत को गंभीर घोषित कर दिया। हादसे में कार सवार सभी लोगों को चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल श्यामू को बीकानेर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्नाव रेफर कर दिया गया।

दो बार कुएं से बाहर आया... तीसरी छलांग के बाद डूबा युवक, मौत

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

मोहन गांव स्थित रेशम केंद्र के कुएं पर दोस्तों के साथ पार्टी मनाने पहुंचे एक युवक की नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। युवक दो बार कुएं में छलांग लगाने के बाद सुरक्षित बाहर आ गया, लेकिन तीसरी बार कुएं के पास वह बाहर नहीं निकल सका। काफी प्रयास के बावजूद पीड़ित उसे नहीं बचा सका। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना पर विधायक हजारीलाल दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी अस्पताल पहुंचे।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रतलाम गांव निवासी 45 वर्षीय प्रेम पिता परमीलाल निवासा

दो लड़ के हुई है। वह अपने गांव दोस्तों को साथ मोहन गांव के रेशम केंद्र स्थित कुएं पर पार्टी करने पहुंचा था। पार्टी के बाद उसने कुएं में नहाने की इच्छा जताई और कपड़े उतारकर पानी में छलांग लगा दी। दो बार वह सुरक्षित बाहर निकल आया, लेकिन तीसरी बार कूदने के बाद पानी से बाहर नहीं आया।

घटना के बाद दोस्तों ने उसे निकालने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद साथियों और पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से पानी निकालकर के बाद युवक का शव कुएं से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया।

भूमिपूजन राजगढ़युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा को निखारने नया मंच

695 लाख की लागत से बनेगा इनडोर-आउटडोर स्टेडियम, सांसद, विधायक ने भूमिपूजन किया

डीआर संवाददाता ✍ खिलचीपुर

मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत 695 लाख की लागत से बनने वाले इंडोर-आउटडोर स्टेडियम निर्माण कार्य का भूमि पूजन सांसद रोडमल नागर एवं विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर युवाओं से संबोधन करते हुए सांसद रोडमल नागर ने कहा कि यह आधुनिक स्टेडियम हमारे क्षेत्र के प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने को लिए नया मंच प्रदान करेगा। खेलप्रेमियों और युवा साथियों को इस बड़ी सौगात की बधाई दी कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि यह आधुनिक खेल परिसर क्षेत्र के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उनकी प्रतिभाओं को नई उड़ान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष राधाकानगरी मालवीयर, जिला संघ खेलकूद देवेन्द्र गौड़, वरिष्ठ नेता बाबूचंद दांगी, मण्डल महामंत्री नारसिंह तोमर, मंडल उपाध्यक्ष बबलू शोनी, हिमांशु गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रीतिमिश्रा अंडोरी सेल जिला समन्वयक अजय साहू, कार्यसिद्ध दांगी, बलवीरसिंह सिकरोदिया, निरोज गुप्ता, जितेंद्र सेन, भाजपा कार्यकर्ता विद्यार्थी, रामभानु नागरिक तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

करका में जमीन विवाद में हिंसा, 2 पक्षों के 12 से अधिक लोग घायल

डीआर संवाददाता ✍ खिलचीपुर

करका गांव में रविवार सुबह सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर चल रहा पुराना विवाद हिंसक संघर्ष में बदल गया। बकरी चराने को लेकर शुरू हुई कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों व चाकू से हमला होने का आरोप लगाया गया। घटना में दोनों पक्षों के 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। ने घटना के बाद दोनों का खिलचीपुर के थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। एक

पक्ष के बालू सिंह ने बताया कि विवादित सरकारी जमीन पर वर्षों से उनका कब्जा है और उनकी बहन, सीताबाई वहां खेती की जमीन लगा रही थी। इसी दौरान बहुत की बकरियां खेत में घुस गईं। विरोध करने पर विवाद हो गया और दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों व चाकू से हमला कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के बहुत का कहना है कि उक्त सरकारी जमीन पर वर्षों से उनका कब्जा है। उनका आरोप है कि विवाद के बाद भारत सिंह पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया।